तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 10 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


4 गंदगी के ढेर तले दम तोड़ रहा स्वच्छ भारत मिशन

## खबर संक्षेप

### बाल प्रतिभा ने भजन गायन से मोहा मन



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक-परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने वाला मध्यप्रदेश उत्सव नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में 12 से 14 दिसंबर तक के साथ आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में प्रदेश के विविध अंचल की कला, संस्कृति और लोकधारा का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। उत्सव के दूसरे दिन 13 दिसंबर को कार्यक्रम उस समय विशेष और स्मरणीय बन गया, जब अनूपपुर जिले की गोविंदा कॉलोनी की बाल कथावाचक कु.उन्नति मिश्रा ने अपने भावपूर्ण भजन गायन से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

### चिरायु योजना से नित्या को मिला नया जीवन

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी नित्या राजवाड़े उम्र 4 वर्ष 7 माह पिता बबलू राजवाड़े एवं माता श्रीमती अनिता, जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी। नित्या आंगनबाड़ी केन्द्र पतरापानी-1 में दर्ज है। जन्म से ही नित्या को कमजोरी, जल्दी थकान, सांस लेने में तकलीफ तथा बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सक द्वारा जांच कर जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर रिफर किया गया। जिला चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच उपरांत जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई, जिसके बाद उच्च संस्थान एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के लिए रिफर किया गया। चिरायु योजना के अंतर्गत नित्या को नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर में भर्ती कराया गया। आवश्यक जांचों के पश्चात सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद नित्या को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया।

### विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय स्तरीय बैठक

**अनूपपुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित राष्टीय स्तरीय मार्गदर्शक मंडल बैठक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से संत-महात्मा, धमाचार्य एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आदिवासी अंचल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उभरती धार्मिक व सामाजिक चुनौतियों पर विचार करते हुए सनातन धर्म, मठ-मंदिर व्यवस्था एवं हिंदू समाज को वर्तमान समय के अनुरूप सही दिशा प्रदान करना रहा। बैठक में अमरकंटक के प्रतिष्ठित संत स्वामी जगदीशानंद महाराज, कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक तथा महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज, मृत्युंजय आश्रम, अमरकंटक की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**केन्द्र की सेवाओं और प्रशासन की सराहना** | **जिला अस्पताल परिसर में संचालित है केन्द्र, वृद्धजन को मिल रहा सहारा**

# प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र, ढाई महीने में पहुंचे 800 से ज्यादा

**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल परिसर बैकुंठपुर में करीब ढाई माह पूर्व शुरू किया गया प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र अब वृद्धजन के लिए सच्चा सहारा बन गया है। उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती पीड़ा, चलने-फिरने में कठिनाई, भीड़ में अस्पताल की लाइन में लगना और छोटे-छोटे उपचारों के लिए घंटों इंतजार जैसी परेशानियों को देखते हुए इस विशेष केन्द्र की स्थापना की गई थी।

परिणामस्वरूप आज यह केन्द्र जिले के सैकड़ों बुजुर्गों को राहत देने वाला भरोसेमंद स्थान बन चुका है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में यह केन्द्र खोला





गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तभी सार्थक होता है, जब उसका लाभ प्रत्यक्ष रूप से जरूरतमंदों तक पहुंचे। यह केन्द्र उसी उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। इस केन्द्र का शुभारंभ 1 अक्टूबर, अंतरराष्टीय वृद्धजन दिवस पर बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े द्वारा किया गया था। अक्टूबर से अब तक 889 बुजुर्ग यहां जांच और उपचार के लिए पहुंच चुके हैं, जिनमें 371 महिलाएं और 518 पुरूष शामिल हैं। बुजुर्गों ने केन्द्र की सेवाओं और प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में वहीं शासन, सुशासन का दावा कर सकता है, जो बुजुर्गों की पीड़ा समझे और उसके समाधान के लिए संवेदनशील कदम उठाए। यह केन्द्र उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए अमूल्य बन गया है, जो बढ़ती उम्र के साथ होने वाली शारीरिक परेशानियों से जूझ रहे थे।

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित केन्द्र

यह बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें ट्राईसाइकिल, बैलेंस बोर्ड, फुट मसाजर, पैरेलल बार, स्टेयर क्लाइंबिंग मशीन, ट्रेडमिल, मसाज चेयर, ट्रैक्शन मशीन और वेक्स बाथ जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा फिजियोथेरेपी और पंचकर्म जैसी उपचार सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक करीब 300 बुजुर्ग पंचकर्म उपचार का लाभ ले चुके हैं। केन्द्र के खुलने से बुजुर्गों को अब उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। शांत वातावरण, सहयोगी स्टाफ और समय पर मिल रही सेवाएं उन्हें आत्मविश्वास और राहत दे रही हैं।

### बुजुर्ग हुए आत्म संतुष्ट

77 वर्षीय एसडी सिंह ने बताया कि वे एक माह से यहां आ रहे हैं और उपचार से काफी राहत मिली है। वातावरण भी बेहद सहयोगी है, जिससे मानसिक सुकून मिलता है। 71 वर्षीय पीएस दावड़े ने कहा कि पैर में जलन की समस्या से परेशान थे। लगभग 10-12 दिन के उपचार से उन्हें काफी फायदा हुआ है। 76 वर्षीय बीएल सोनी ने बताया कि कंधे के दर्द से लंबे समय से परेशान थे। डॉक्टरों की सलाह पर फिजियोथेरेपी शुरू की और अब दर्द में काफी कमी आई है।

**शिक्षा गुणवत्ता पर उठे सवाल, आत्मानंद स्कूलों की हालत भी खराब**

# कोरिया के 162 स्कूल डी ग्रेड में

**बैकुंठपुर।** चालू शिक्षा सत्र में शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया गया, कुछ दिनो पूर्व जिले के प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यालयों का सोशल आडिट कराया गया।

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा ऑडिट रिपोर्ट जारी की तो कोरिया जिले के 162 विद्यालयों को डी ग्रेड मिला। हैरानी की बात तो यह है कि आयोजित सोशल ऑडिट में स्वामी आत्मानंद जैसे उत्कृष्ट विद्यालय भी डी ग्रेड में आए।




इसके बाद अब डी ग्रेड में आए सभी विद्यालयों का विद्या समीक्षा केन्द्र के एप के माध्यम से चिन्हित डी ग्रेड स्कूलों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालयों के सोशल ऑडिट में डी ग्रेड प्राप्त सभी स्कूलों के निरीक्षण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई, जिनके द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है और 15 दिसंबर को अंतिम रहा, इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जानकारी के अनुसार विद्यालयों के सोशल ऑडिट में डी ग्रेड पाए स्कूलों के निरीक्षण विद्या समीक्षा एप के माध्यम से कराया जा रहा है, इसमें परीक्षण कर कमजोर प्रदर्शन के कारणों का अध्ययन किया जाएगा, जिससे कि कमजोर कारणों को दूर किया जा सके।

### जिले के 522 में 162 स्कूल डी ग्रेड में

मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में कुल 522 स्कूलों का बीते दिवस जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोशल ऑडिट किया गया। इनमें 162 स्कूलों को डी ग्रेड मिला। डी ग्रेड प्राप्त स्कूलों के बच्चों के सीखने समझने की क्षमता भाष ज्ञान गणितीय कौशल कौशल निम्न स्तर के पाए गए, साथ ही सोशल ऑडिट में विद्यालय के अन्य मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को भी जांचा गया था, वह भी गुणवत्तायुक्त नहीं पाए गए थे, इसके चलते ऐसे स्कूलों को डी ग्रेड की सूची में स्थान दिया गया। जानकारी के अनुसार सोशल ऑडिट में डी ग्रेड वाले स्कूलों में शिक्षण गुणवत्ता बेहद खराब रही।

### आत्मानंद व आदर्श विद्यालय भी डी ग्रेड में शामिल

सरकार द्वारा गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में कुछ विद्यालयों को चिन्हित कर स्वामी आत्मानंद विद्यालय का दर्जा दिया। सोशल ऑडिट में स्वामी आत्मानंद विद्यालय का भी बेहद खराब स्थिति पाए जाने पर डी ग्रेड प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार जिले के डी ग्रेड प्राप्त स्कूलों में प्रमुख रूप से स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल बुडार, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल पटना के अलावा हायर सेकेंडरी स्कूल पुसला सोनहत, ट्रायबल मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ काफी संख्या में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय शामिल है।

# धान खरीदी केन्द्र में गड़बड़ी बिफरे जिला पंचायत सदस्य



**सोनहत।** धान खरीदी केन्द्र रजौली में किसानों के साथ हो रही गंभीर अनियमितताओं को लेकर सोमवार को जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र प्रबंधक पर खुलेआम शासन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने और किसानों का शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए। सुरेश सिंह ने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, बावजूद इसके केन्द्र में मनमानी ढंग से खरीदी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि किसानों से जबरन धान की छल्ली चढ़वाई जा रही है, जबकि शासन के निर्देशों के अनुसार ऐसा करना नियम विरूद्ध है। इसके साथ ही प्रति बोरी निर्धारित 40 किलो 800 ग्राम के स्थान पर पूरा 41 किलो धान की तौल कराई जा रही है, जिससे किसानों को सीधे-सीधे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बात को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी गई। जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने मौके से ही सोनहत एसडीएम को पूरे मामले की जानकारी दी और कहा कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने दोषी प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई। खरीदी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच और भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों पर पूर्ण रोक लगाने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए कड़ी निगरानी के आदेश दे चुका है, बावजूद इसके यदि खरीदी केन्द्र के प्रबंधक अपनी मनमानी चला रहे हैं तो यह अत्यंत गंभीर मामला है। किसानों के अधिकारों से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# खेल महोत्सव में महिलाओं ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महिलाओं को खेल, फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल द्वारा नारी शक्ति खेल महोत्सव का भव्य आयोजन 12 एवं 13 दिसंबर को बीके दास मेमोरियल स्टाफ क्लब एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में किया गया।

यह दो दिवसीय आयोजन श्रद्धा महिला मंडल, बिलासपुर के तत्वावधान में तथा सौम्य महिला समिति, एसइसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूनम झा ने किया। खेल महोत्सव में एसईसीएल की महिला कर्मचारियों एवं कर्मचारियों की पत्नियों सहित 150 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों के लिए बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, शॉर्ट ट्रैक रेस, रिले रेस जैसी प्रतिस्पर्धात्मक खेल गतिविधियों के साथ-साथ चम्मच-नींबू दौड़, मटका दौड़, तीन टांग दौड़, जलेबी

■ 150 से अधिक महिलाओं ने लिया हिस्सा

दौड़ एवं रस्सी कूद जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने पूरे जोश, उमंग और खेल भावना के साथ भाग लिया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 50 महिला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान उपस्थित महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती पूनम झा ने कहा कि फिटनेस दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है और महिलाओं को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खेल एवं फिटनेस आधारित जीवनशैली न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीमवर्क जैसे गुणों का भी विकास करती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जानकारी दी गई कि इस खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चयनित प्रतिभागियों का अगले सप्ताह हसदेव क्षेत्र में आयोजित होने वाले फाइनल इवेंट के लिए चयन किया जाएगा।

**पुलिस का विशेष सुरक्षा जागरूकता अभियान**

# अमृतधारा में डेंजर जोन वाली जगहों पर न जाएं पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

एमसीबी जिला स्थित अमृतधारा में शीत ऋतु के आगमन के साथ ही सैलानियों और पिकनिक मनाने वालों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो गई है। प्राकृतिक सौंदर्य और मनोरम वातावरण के कारण यहां ना केवल जिले बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता और जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के दिशा-निर्देश पर थाना



प्रभारी पोड़ी निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड़ और चौकी प्रभारी नागपुर शेषनारायण सिंह पुलिस बल के साथ अमृतधारा पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद सैलानियों से सीधे संवाद कर उन्हें सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। पुलिस अधिकारियों ने विशेष रूप से डेंजर जोन, फिसलन भरे क्षेत्रों और झरने के आसपास जोखिम वाले स्थानों पर ना जाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों और समूह में आए पर्यटकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की, सैलानियों को यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाए तत्काल पुलिस या संबंधित कर्मचारियों को सूचना दें। नशे की हालत में पानी के पास जाने, ऊंचाई से सेल्फी लेने और सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने से बचने की सलाह भी दी गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की विस्तृत जानकारी मिलने से ना केवल सुरक्षा बढ़ती है बल्कि लोग निश्चिंत होकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद भी ले पाते हैं। पुलिस प्रशासन के इस कदम को सैलानियों की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त नियम के तहत कार्रवाई की बात भी कही गई।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिंधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

**खबर संक्षेप**

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ग्राम कठौतिया स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि यदि बालक की आयु 21 वर्ष तथा बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने से पहले विवाह किया जाता है, तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानूनन अपराध है। साथ ही विवाह की वैधानिक एवं सही आयु के बारे में स्पष्ट रूप से समझाया गया।

### राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान उप सरपंचों का प्रशिक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में नव-निर्वाचित उप सरपंचों के लिए आयोजित त्रि-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 15 दिसंबर को विकासखंड खड़गवां के नव-निर्वाचित उप सरपंचों के लिए जल जीवन मिशन विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र अमृत सदन, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र (डीपीआरसी) द्वारा संचालित किया गया। सत्र के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों ने जल जीवन मिशन की रूपरेखा, संचालन एवं संधारण की विस्तृत प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

### शासकीय शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण



**बैकुण्ठपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के दिशा निर्देश के अनुसार शासकीय शालाओं सामाजिक अंकेक्षण बीते दिनों कराया गया। इसके परिणामों के आधार पर शालाओं को ग्रेडिंग दी गई। चयनित डी ग्रेड की शालाओं का अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण कराया गया ,इसके लिए 15 दिसंबर तक निरीक्षण करना था। इसी क्रम में सोनहत जनपद के माध्यमिक शाला लटमा में पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आरएस चंदे द्वारा 15 दिसंबर को विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी दर्ज की गई। इस अवसर पर शैक्षिक समन्वयक भुवन राजवाडे, प्रधान पाठक पीएन दुबे सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### छग प्रभारी नितिन बने राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के छग प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिलेभर में पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी में राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष के दायित्व ग्रहण करने पर नितिन नबीन को बधाई दी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि नितिन नबीन ने प्रदेश सह प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश प्रभारी रहते हुए संगठन कौशल और रणनीतिक मोर्चे पर पार्टी के प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार कर भाजपा को लगातार विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई और अब इस भूमिका का राष्टीय स्तर पर विस्तार होना सुनिश्चित है। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि नितिन नबीन जमीन से जुड़े राजनीति के प्रतीक है और इसलिए जनता जर्नादन के साथ-साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से उनका जीवंत संपर्क है और उनकी यही संगठनात्मक विशिष्टता और प्रतिबद्धता भाजपा को एक सशक्त राजनीतिक दल के रूप स्थापित करने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेगी। उन्होंने ने कहा कि नितिन की नियुक्ति से छग के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभिभूत हैं। छग प्रदेश प्रभारी नितिन के नेतृत्व में हम सबने पार्टी की रीति-नीति और संगठनात्मक दायित्वों व गतिविधियों की गंभीरता से समझा है।

---

प्रशासन की लापरवाही प्रशासन की लापरवाही, रख-रखाव की कमी

# गंदगी के ढेर तले दम तोड़ रहा स्वच्छ भारत मिशन

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर

सफाई को लेकर चल रही तमाम कोशिशों में जनता भी सहयोग कर रही है, लेकिन शासकीय विभाग व कर्मचारी खुद कितने सजग हैं इसकी तस्वीर क्षेत्र के सार्वजनिक सरकारी दफ्तरों में नजर आती है। जब हरिभूमि ने पड़ताल की तो पता चला कि यहां तो दीये तले अंधेरा है। जो सरकारी महकमा लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहा है, उन्हीं के कार्यालय सहित खुद अस्पताल में गंदगी का अंबार है। ऐसे में साफ है कि स्वच्छता अभियान की जरूरत शहर से ज्यादा अस्पताल में है।

मुख्यालय के जिला अस्पताल परिसर में बना सार्वजनिक सुलभ कॉम्पलेक्स में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिला चिकित्सालय में महिला-पुरूष शौचालयों के हाल बुरे हैं। यहां पर नियमित सफाई नहीं होने से शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं। बदबूदार शौचालय में शौच को जाने वाली महिलाओं को डर इस बात का भी रहता है कि कहीं पानी गिरे फर्श से फिसलकर उनके शरीर



का कोई अंग क्रेक नहीं हो जाए। यहां का गंदा पानी बाहर जाने की जगह अंदर ही एकत्रित हो रहा है। ऐसे में मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। सुलभ शौचालयों में गंदगी का अंबार प्रशासन की लापरवाही, रख-रखाव की कमी, खराब मोटर पंप, और फंड की समस्या के कारण लगता है, जिससे स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ती हैं और बीमारियां फैलती हैं, भले ही बाहर से ये चकाचक दिखें, इसके समाधान के लिए नियमित निगरानी, कर्मचारियों को वेतन और रख-रखाव के लिए रूपए और जनता की जागरूकता जरूरी है, जैसा कि कई जगहों पर देखा जा रहा है। जिला अस्पताल परिसर में बने सुलभ शौचालय के कमरों में कुंडी ही नहीं है, इससे शौच का उपयोग करने के लिए जाने वाले व्यक्ति को समस्याओं को सामना करना पड़ता है, वहीं कमरे के अंदर पीक से दीवारें लाल हैं तो बाहर हाथ धोने वाले स्थान सहित यूरिनल के पास व पूरे शौचालय परिसर में बदबू और गंदगी का समावेश है जिससे सुलभ शौचालय की बेहतर व्यवस्था के दावे यहां पर ध्वस्त होते दिखाई देते हैं।

---

# कोरिया में जमीन की नवीन गाइडलाइन दर लागू

## वर्गमीटर दर समाप्त, हेक्टेयर दर से होगा मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवीन गाइडलाइन दर वर्ष 2025-26 को 20 नवंबर से संपूर्ण छग में लागू कर दिया गया है। यह गाइडलाइन कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छग, रायपुर के पत्र क्रमांक /1916/गा/ला./2025-26 19 नवंबर के आधार पर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गई है।

जिला पंजीयक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन गाइडलाइन में विगत 7, 8 वर्षों से चली आ रही विसंगतियों को दूर करते हुए कई जनहितैषी सुधार किए गए हैं, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सीधा लाभ मिला है। नवीन गाइडलाइन के तहत ग्रामीण एवं पेरी-अर्बन क्षेत्रों में सभी प्रकार की भूमियों कृषि, गैर-कृषि, व्यावसायिक एवं परिवर्तित भूमि के



लिए वर्गमीटर दर को समाप्त कर दिया गया है। अब भूमि का बाजार मूल्यांकन भूमि के स्वरूप के अनुसार मुख्यमार्ग एवं मुख्यमार्ग से अंदर की भूमि के लिए हेक्टेयर दर से किया जाएगा। पूर्व में प्रचलित गाइडलाइन वर्ष 2019-20 के अनुसार 500 वर्गमीटर तक के छोटे भूखंडों का मूल्यांकन वर्गमीटर दर से किया जाता था।

उप पंजीयन कार्यालय बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम तमजीरा के एक पंजीबद्ध दस्तावेज से नवीन गाइडलाइन के अनुसार ग्राम तमजीरा, तहसील बैकुंठपुर में 0.04 हेक्टेयर (400 वर्गमीटर) भूमि के पंजीयन (दस्तावेज क्रमांक सीजी-2025-26-190-1-900, 26 नवंबर 2025) में पूर्व गाइडलाइन वर्ष 2019-20 के अनुसार वर्गमीटर दर 275 रूपए से बाजार मूल्य 1,08,000 रूपए निर्धारित होता था। वहीं नवीन गाइडलाइन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत हेक्टेयर दर से मूल्यांकन करने पर बाजार मूल्य घटकर 60,000 रूपए रह गया। इस प्रकार बाजार मूल्य में 48,000 रूपए की कमी हुई, जिसके फलस्वरूप स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क में भी उल्लेखनीय राहत मिली। पुरूष क्रेता को लगभग 4,550 रूपए तथा महिला क्रेता को शासन द्वारा दिए गए 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट के कारण लगभग 5,088 रूपए का प्रत्यक्ष लाभ हुआ। जिला पंजीयक कार्यालय कोरिया द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि नवीन गाइडलाइन दर वर्ष 2025-26 के संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

---

# हर्रापारा में सुबह-शाम सप्लाई हो पेयजल

**बैकुण्ठपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा के लोगों को बीते कुछ दिनों से पेयजल को लेकर परेशान होना पड़ रहा है, इसके चलते सुबह के समय लोगों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नपा द्वारा नहीं किए जाने के कारण सुबह के समय का दिनचर्या प्रभावित हो रहा है, इसे लेकर लोगों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में कहने को दोनों समय सुबह व शाम नपा द्वारा पेयजल सप्लाई की जाती है, लेकिन इन दिनों दोनों ही समय कुछ समय के लिए ही पेयजल की आपूर्ति हो रही है, इससे लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार हर्रापारा वार्ड में कहने को सुबह के समय 9 से 10 बजे तक पेयजल आपूर्ति नगर पालिका द्वारा किया जाता था और दूसरे समय रात्रि 8 से 9 बजे के बीच पेयजल सप्लाई किया जाता है, लेकिन वर्तमान में कुछ दिनों से दोनों ही समय बहुत कम समय ही पेयजल सप्लाई चालू रहता है और लोगों की जरूरत का पेयजल भी पूर्ति नहीं हो पाता कि पेयजल आपूर्ति बंद हो जाती है। ऐसी स्थिति में वार्ड के लोगों को दोनों ही समय पर्याप्त पेयजल प्राप्त नहीं हो पाता है, इसे लेकर वार्ड के लोगों में नपा की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर नाराजगी है।

> **पतली धार और कुछ मिनट की आपूर्ति**
>
> हर्रापारा वार्ड के लोगों की शिकायत है कि अभी कुछ दिनों से नपा द्वारा पेयजल आपूर्ति बेहद कम कर दी गई है, इससे उनकी जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। वार्ड के लोगों के अनुसार बीते कुछ दिनों से सुबह व शाम के समय बमुश्किल आधा घंटा या उससे भी कम समय के लिए पेयजल आपूर्ति नपा द्वारा की जा रही है, इसके अलावा पेयजल आपूर्ति की धार भी पतली हो गई।

---

# पीएम आवास में प्रगति कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के शीघ्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। योजना की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन प्रत्येक हितग्राही से सीधे संवाद कर रहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिलेभर के सरपंचों, सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की थी तथा सभी अधिकारियों को हितग्राहियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए थे।

निर्देशों के पालन में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विकासखंड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरिया का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की तथा उन्हें



शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. चतुर्वेदी ने उन हितग्राहियों से भी संवाद किया, जिन्हें योजनांतर्गत राशि प्राप्त हो चुकी है, परंतु आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है। उन्होंने ऐसे हितग्राहियों को अनावश्यक टालमटोल एवं लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि समयबद्ध आवास निर्माण न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों को समझाइश दी कि समय पर मकान निर्माण कर योजना का पूर्ण लाभ उठाएं और सुरक्षित एवं सुखद जीवन व्यतीत करें। भ्रमण के दौरान जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निमार्णाधीन आवासों की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# 18 तक बीएलओ लेंगे गणना प्रपत्र

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में राज्य में संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की समय-सीमा में एक सप्ताह की वृद्धि करते हुए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत अब 18 दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं से गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) प्राप्त करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार गणना चरण (एन्यूमरेशन फॉर्म भरने की अवधि) एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण/पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया 18 दिसंबर तक पूर्ण की जाएगी। इसके पश्चात कंट्रोल टेबल का अपडेशन एवं प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची की तैयारी की अवधि 19 से 22 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के पश्चात दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक रहेगी। वहीं नोटिस चरण (नोटिस जारी करना, सुनवाई, सत्यापन एवं दावा-आपत्तियों का निराकरण) 23 दिसंबर से 14 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। मतदाता सूचियों के हेल्थ मापदंडों की जांच 17 फरवरी तक की जाएगी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले की प्रत्येक विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ विशेष बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं एवं ऐसे मतदाता जिनके गणना प्रपत्र अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं, उनकी सूची की गहन समीक्षा की जा रही है। संबंधित सूचियां राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ साझा भी की जा रही हैं।

---

# मुख्यमंत्री तीरथ दर्शन योजना, 110 यात्री मथुरा-वृंदावन के लिए रवाना




हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासन के निर्देशानुसार व कलेक्टर के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री तीरथ दर्शन योजना के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन श्री कृष्ण जन्मभूमि तीर्थ यात्रा के लिए शनिवार को जिले के श्रद्धालुओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर रवाना किया गया। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों से 110 यात्रियों को शनिवार को बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया। यात्रा 13 से 16 दिसंबर तक चलेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधा के लिए 4 अनुरक्षक एवं 2 डॉक्टर की टीम साथ है। इस आयोजन से यात्रियों में उत्साह का संचार हुआ तथा राज्य सरकार की तीर्थ दर्शन योजनाओं की सराहना की गई। मुख्यमंत्री तीरथ दर्शन योजना में बुजुर्ग, दिव्यांग, परित्यकता व विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के तहत इन तीर्थ स्थल पर ले जाने का कार्य कर रही है। यात्रियों उत्साह बढ़ाने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, पार्षद धीरज शिवहरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी तथा तीर्थ यात्रा में जा रहे, उनके परिजन काफी संख्या में स्टेशन में उपस्थित रहे।

---

# सुशासन सप्ताह: विशेष शिविर का आयोजन, 25 तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत सरकार के सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत जिले में 19 से 25 दिसंबर तक जिला एवं विकासखंड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देशानुसार अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया को नोडल अधिकारी एवं उप संचालक पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं विकासखंड स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभियान का समन्वय करेंगे। अभियान के तहत विकासखंड स्तर पर 19 दिसंबर को पटना, 20 दिसंबर को पोड़ी-बचरा, 21 दिसंबर को सोनहत तथा 22 दिसंबर को बैकुंठपुर तहसील मुख्यालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 23 दिसंबर को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में किया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा थीम आधारित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इनमें सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य सेवाएं, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन, महिला एवं बाल विकास, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह प्रतिषेध तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रम शामिल रहेंगे। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों की प्रतिदिन की प्रगति एवं निराकृत शिकायतों की जानकारी भारत सरकार के निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। साथ ही शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

# धान खरीदी केन्द्र में गड़बड़ी बिफरे जिला पंचायत सदस्य



हरिभूमि न्यूज. सोनहत

धान खरीदी केन्द्र रजौली में किसानों के साथ हो रही गंभीर अनियमितताओं को लेकर सोमवार को जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र प्रबंधक पर खुलेआम शासन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने और किसानों का शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए। सुरेश सिंह ने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, बावजूद इसके केन्द्र में मनमानी ढंग से खरीदी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि किसानों से जबरन धान की छल्ली चढ़वाई जा रही है, जबकि शासन के निर्देशों के अनुसार ऐसा करना नियम विरूद्ध है। इसके साथ ही प्रति बोरी निर्धारित 40 किलो 800 ग्राम के स्थान पर पूरा 41 किलो धान की तौल कराई जा रही है, जिससे किसानों को सीधे-सीधे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बात को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी गई। जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने मौके से ही सोनहत एसडीएम को पूरे मामले की जानकारी दी और कहा कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने दोषी प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई।

---

राजमिस्त्री की आवश्यकता को देखते युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा

महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत

# अकुशल श्रमिक बन रहे राजमिस्त्री

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अकुशल श्रम से स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ाने के लिए युवा श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिले में काफी संख्या में प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास योजना के बड़े लक्ष्य के लिए ग्राम पंचायतों में राजमिस्त्री उपलब्ध हो सकें इसके लिए राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आर सेटी के माध्यम से आफलाइन मोड में मनरेगा अंतर्गत प्राजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत प्रदान किया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजागार गारंटी योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 100



कार्यदिवस का अकुशल रोजगार प्रदान किया जाता है। योजनांतर्गत पंजीकृत परिवारों के ऐसे युवा जो निरंतर 60 दिन से अधिक का अकुशल श्रम करते रहते हैं उन्हें प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास किया जा रहा है। जिससे वह बेहतर आजीविका स्तर पर आगे बढ़ सकें। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत इस बार 35 युवाओं को सोनहत जनपद पंचायत से लिया गया है। इन्हें राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आरसेटी के माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण में सोनहत जनपद की ग्राम पंचायत मधौरा के 16 ग्राम पंचायत लटमा के 15 तथा ग्राम पंचायत कटगोड़ी के 4 युवाओं को शामिल किया गया है। यह सभी युवा मैदानी स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत आरसेटी के माध्यम से मैदानी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने आरसेटी पहुंचकर प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस प्रोत्साहित किया था, इसके लिए युवाओं का प्रतिदिन मैदानी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। बीते 8 दिसंबर से आरंभ हुए राजमिस्त्री का यह प्रशिक्षण आगामी 7 जनवरी को पूरा हो जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्णता के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित राजमिस्त्री की आवश्यकता को देखते हुए प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, इससे आने वाले समय में हमें सोनहत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास निर्माण को और गति देने में सहूलियत होगी।

